दिनांकः 16.06.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि विविध संस्कृतियों और भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला भारत स्वतंत्रता के बाद बढ़ती जनभागीदारी से विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनकर उभरा हैं आज नई दिल्ली में आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2026 के प्रतिभागियों से बातचीत करते हुए श्री बिरला ने कहा कि लोकतंत्र देश की कार्य संस्कृति और विचार प्रक्रिया का अभिन्न अंग बना हुआ हैं लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लोकतंत्र में सक्रिय और समावेशी भागीदारी आवश्यक हैं

....

000

21 जून को होने वाली नीट–यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा के मद्देनजर केन्द्र सरकार ने 22 जून तक टेलीग्राम ऐप पर संदेश भेजने पर रोक लगा दी हैं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के इस फैसले का स्वागत किया हैं इसके साथ ही, टेलीग्राम को 30 जून तक पहले से पोस्ट किए गए पुराने संदेशों को एडिट करने की सुविधा भी बंद करने के निर्देश दिए गए हैं एनटीए के अनुसार, यह कदम परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक होने के झूठे दावे गढ़ने और अफवाहें फैलाने से रोकने के लिए उठाया गया हैं एजेंसी ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए मंत्रालय का आभार जताते हुए कहा है कि इन उपायों से छात्रों के व्यापक हित में परीक्षा का सुरक्षित और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने में बड़ी मदद मिलेगीं

000

प्रदेशभर में आज से स्टॉप डायरिया कैंपेन शुरू हुआं चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से ये अभियान 31 जुलाई तक चलेगां इस दौरान पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में डायरिया की रोकथाम, समय पर उपचार, स्वच्छता, पीने का साफ पानी और जन–जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगीं अभियान की थीम ''स्वच्छ जल, समुचित उपचार–डायरिया से बचें हर बार'' रखी गई हैं इसके अनुसार सभी जिलों में गतिविधियां की जा रही हैं

000

बालोतरा जिले के पाटौदी गांव के पास आज एक सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मृत्यु हो गई पुलिस के अनुसार, यह हादसा कार के रोडवेज बस से टकरा जाने से हुआंये चारों सगे भाई थे और कोडूका गांव से मजदूरी के लिए जा रहे थें वहीं एक अन्य हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गई और एक महिला घायल हो गईं ये दुर्घटना पाली–जोधपुर हाईवे पर मंडिया बाइपास पर हुई, जब एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गईं ये सभी लोग जोधपुर से सिरोही जा रहे थें

000

उदयपुर के कोटड़ा में सेई बांध टनल के विस्तार का 95 प्रतिशत काम हो गया हैं पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कल कार्य स्थल निरीक्षण कियां उन्होंने अधिकारियों को 15 जुलाई तक निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं श्री कुमावत ने बताया कि इस परियोजना पर 100 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई हैं टनल की चौड़ाई बढ़ने से इसकी जल निकासी क्षमता 328 से बढ़कर 1376 क्यूसेक हो जाएगीं इससे मानसून के दौरान सेई बांध का पानी बेकार बहकर गुजरात नहीं जाएगा और जवाई बांध अब 50 की जगह केवल 22 दिन में भर सकेगां

000

प्रदेश में प्री–मॉनसून बारिश और आंधी से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली हैं मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 7 जिलों में आंधी–बारिश का ऑरेंज और 19 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया हैं इस बीच, आज भरतपुर में आंधी–बारिश की गतिविधियों से मौसम सुहावना हो गयां वहीं किसानों ने खरीफ फसलों की बुवाई शुरू कर दी हैं हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और जयपुर सहित कल कई जिलों में तेज आंधी के साथ बरसात हुई हनुमानगढ़ में ओले भी गिरें भारी बारिश से जलभराव की समस्या हो गई वहीं अनाज मंडी में रखा गेहूं भीगने से किसानों की चिंता बढ़ गई हैं चूरू के

सरदारशहर में तेज अंधड़ से दिन में ही अंधेरा छा गयां तापमान में आए इस बदलाव से कई शहरों का अधिकतम तापमान 35 डिग्री से नीचे आ गया है, हालांकि फलौदी 42 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे गर्म स्थान रहां खराब मौसम के कारण दिल्ली की चार उड़ानों को जयपुर डायवर्ट करना पड़ां मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक आंधी–बारिश का यह दौर जारी रहेगां

000